**संख्या:258/2015/2556जेएल/22-3-15-100(87)/2015**

**प्रेषक,**

**करूणेश कुमार सिंह,**
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

**महानिरीक्षक,**
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

***कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3*** ***लखनऊ: दिनांक: 21 सितम्बर, 2015***

**विषय:** जिला कारागार-गोरखपुर में निरूद्ध 02 विचाराधीन बंदियों को प्रशासनिक आधार पर अन्यत्र कारागार में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषय पर आपके पत्र संख्या-31076/सामा-1(3)/गोरखपुर मं0/2015, दिनांक 31-07-2015 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार **जिला कारागार, गोरखपुर में निरूद्ध निम्नलिखित 02 बंदियों को प्रशासनिक आधार पर उनके नाम के सम्मुख अंकित कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति इस प्रतिबन्ध के अधीन प्रदान की जाती है कि बंदियों को स्थानान्तरित करने के पूर्व विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-1735-1739/2012-महाराष्ट्र राज्य व अन्य बनाम सईद सुहैल शेख व अन्य में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार सभी विचारण न्यायालयों की पूर्वानुमति प्राप्त कर ली जायेगी:-**

| क्र0 | बंदी का नाम/पिता का नाम | निरूद्धी की वर्तमान कारागार | कारागार का नाम जहॉं स्थानान्तरित किया जाना है। |
|---|---|---|---|
| 1 | कामेश्वर सिंह उर्फ डब्लू सिंह पुत्र श्री दीनरायन सिंह | जि0का0 गोरखपुर। | जि0का0 बदायूँ। |
| 2 | राहुल सिंह राजपूत पुत्र श्री शिव बहादुर सिंह | जि0का0 गोरखपुर। | जि0का0 शाहजहॉंपुर। |

**2-** कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या शासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**भवदीय,**

**(करूणेश कुमार सिंह)**
**अनु सचिव।**

**संख्या:258/2015/2556जेएल(1)/22-3-15-उक्तदिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिला मजिस्ट्रेट/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गोरखपुर।
2. अधीक्षक, जिला कारागार, गोरखपुर/बदायूँ/शाहजहॉंपुर।
3. गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**(करूणेश कुमार सिंह)**
**अनु सचिव।**

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in